***प्रेस नोट*** ***23/06/2026***

**अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन मऊ में मंगलवार परेड में प्रतिभाग कर दिये गए आवश्यक दिशा-निर्देश-**

आज दिनांक 23.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार द्वारा पुलिस लाईन परेड ग्राउंड में मंगलवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। निरीक्षण के क्रम में महोदय द्वारा यू0पी0-112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी व तत्पश्चात क्वार्टर गार्द, स्टोर, परिवहन शाखा, मेस, पुलिस बैरक व पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक अरूण कुमार सिंह व भारी संख्या में पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

**02 अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 03 मोटरसाइकिल बरामद–.**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मधुबन श्री दिनेश दत्त मिश्र के नेतृत्व मे थाना रामपुर पुलिस टीम द्वारा थाना रामपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 59/26 धारा 317(2 ), 317(4 ), 317(5 ), BNS थाना रामपुर, मऊ से संबंधित अभियुक्तगण 1. अमित गोड पुत्र ओमप्रकाश नि0 करसी थाना नगरा बलिया उम्र करीब 19 वर्ष 2. अनीस साहनी पुत्र भरत साहनी नि0 तुर्तीपार थाना उभांव जनपद बलिया उम्र 18 वर्ष को दिनांक 23.06.2026 को फूलपुर बगीचा के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया उक्त में संलिप्त एक बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

गिरफ्तार अभियुक्तगण –

1. अमित गोड पुत्र ओमप्रकाश नि0 करसी थाना नगरा बलिया उम्र करीब 19 वर्ष

2. अनीस साहनी पुत्र भरत साहनी नि0 तुर्तीपार थाना उभांव जनपद बलिया उम्र 18 वर्ष


आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 59/26 धारा 317(2 ), 317(4 ), 317(5 ), BNS थाना रामपुर, मऊ

बरामदगी-

1. चोरी की 03 मोटरसाइकिल बरामद ।

सजा




**पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में आज दिनांक 23.06.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया-**

इस अभियान के अंतर्गत 30 टीम गठित कर जनपद के 40/ स्थानों पर बदल बदलकर लगभग सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 509 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान एवं 03 वाहन को सीज किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।

**थाना मुहम्मदाबाद साइबर पुलिस टीम द्वारा फ्रॉड हुए 4000-/ रुपये पीडित को वापस कराया गया–-**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ के आदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी मु0बाद गोहना व प्रभारी निरीक्षक श्री कमलकांत वर्मा थाना मुहम्मदाबाद के निर्देशन में,थाना स्थानीय के साइबर पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के जांच के क्रम में आवेदक उमेश यादव पुत्र जंगबहादुर निवासी तुलसीपुर कुढवा थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ द्वारा साइबर पोर्टल पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा यूपीआई के माध्यम से आवेदक से पैसे का फ्रॉड हो जाने के संबंध में शिकायत की जांच के क्रम में थाना स्थानीय पर नियुक्त साइबर टीम की उप निरीक्षक विकास कुमार क0आ0 संजय गुप्ता , म0आ0प्रिया सिंह व म०आ० शालिनी मौर्या द्वारा कार्यवाही करते हुए आवेदक के फ्रॉड की गई धनराशि 4000 /रु0 को उसके खाते में वापस कराया गया।

**थाना घोसी साइबर पुलिस टीम द्वारा फ्रॉड हुए 6500-/ रुपये पीडित को वापस कराया गया–**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी घोसी व प्रभारी निरीक्षक के कुशल नेतृत्व में थाने पर साइबर टीम द्वारा थाना घोसी साइबर पोर्टल सावन पुत्र उमानाथ निवासी विक्कमपुर घोसी जनपद मऊ के द्वारा गलती से दुसरे के खाते मे 6500-/ रुपये ट्रांसफर कर दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा समय रहते साइबर कम्प्लेन की शिकायत की गयी । उक्त शिकायत के आधार पर थाना घोसी द्वारा में नियुक्त साइबर टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये पीड़ित के खाते से फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि 6500/- रुपये वापस कराया गया।

**थाना कोपागंज साइबर पुलिस टीम द्वारा फ्रॉड हुए 8000-/ रुपये पीडित को वापस कराया गया–**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी घोसी व प्रभारी निरीक्षक के कुशल नेतृत्व में थाने पर साइबर टीम द्वारा थाना कोपागंज साइबर पोर्टल चितरंजन पिता विजय साहनी निवासी फतेहपुरताल नरजा थाना कोपागंज जनपज-मऊ से यू0पी0आई के माध्यम से 25500/- रूपये का फ्राड़ करा लिया गया था। जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा समय रहते साइबर कम्प्लेन की शिकायत की गयी । उक्त शिकायत के आधार पर थाना घोसी द्वारा में नियुक्त साइबर टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये पीड़ित के खाते से फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि में से 8000/- रुपये वापस कराया गया।

**गुम/खोये हुए कुल 01 अदद मोबाइल फोन अनुमानित कीमत लगभग 6999/-रुपये साइबर पुलिस टीम थाना कोपागंज जनपद मऊ द्वारा वापस कराया गया-**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर के द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी घोसी के कुशल निर्देशन में तथा थानाध्यक्ष कोपागंज जनपद मऊ के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 23.06.2026 को आम जनता के गुम हुए 01 अदद मोबाइल फोन साइबर क्राइम पुलिस टीम थाना कोपागंज जनपद मऊ द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद कर उनके मालिक को तस्दीक कर सुपुर्द किया गया।

मऊ पुलिस आमजन से अपील करती है किं मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में तत्काल CEIR पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराये अथवा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क करें जिससे त्वरित कार्यवाही कर गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी सुनिश्चित की जा सके।

**MRM के माध्यम से साइबर टीम द्वारा पीड़ित के खाते में 16,850/- सम्पूर्ण धनराशि वापस कराया गया–**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार जी के निर्देशन में साइबर फ्रॉड रोकथाम व जागरूकता के तहत चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी श्री जितेंद्र सिंह व प्रभारी निरीक्षक घोसी के कुशल नेतृत्व में आवेदक मो0 राहीब पुत्न जमानत अब्बास निवासी जमालपुर विक्कमपुर घोसी जनपद मऊ के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन हैंक करके 16,850/- रुपये का फ्रॉड किया गया था जिसके संबंध में आवेदक मो0 राहीब पुत्न जमानत अब्बास निवासी जमालपुर विक्कमपुर थाना घोसी जनपद मऊ द्वारा साइबर पोर्टल पर शिकायत दिनांक 08.05.25 को दर्ज की गई थी जिसमे साइबर टीम घोसी द्वारा कार्यवाही करके आवेदक की फ्रॉड धनराशि होल्ड कराई गई थी जिसके तहत पीड़ित को दिनांक 22.06.26 को 16,850/- धनराशि वापस कराया गया।

**थाना कोतवाली नगर साइबर पुलिस टीम द्वारा फ्रॉड हुए 7408-/ रुपये पीडित को वापस कराया गया–**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी निरीक्षक के कुशल नेतृत्व में थाने पर साइबर टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर साइबर पोर्टल बिंदेश्वर त्रिपाठी जनपज-मऊ के द्वारा गलती से 64079/- रूपये किसी अन्य के खाते मे भेज दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा समय रहते साइबर कम्प्लेन की शिकायत की गयी।

उक्त शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली नगर में नियुक्त साइबर टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये पीड़ित के खाते से गलती से भेजी  हुई धनराशि मे से 37,473/- रूपये होल्ड़ कराया गया दिनांक 24.04.2026 को आवेदक बिंदेश्वर त्रिपाठी राशि 29999 /- रुपये और आज दिनांक 23.06.2026  7,408/-  पुनः पीड़ित के खाते मे वापस कराया गया ।

जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 23.06.2026 को सायंकाल पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार द्वारा प्रभारी निरी0मुहम्मदाबाद व भारी संख्या में पुलिस बल के साथ में मऊ मुहम्मदाबाद क्षेत्र में खैराबाद से कैलेंडर तिराहा तक रुट मार्च/पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।  साथ ही साथ समस्त थानों पर पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा ।

**आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जिलाधिकारी मऊ एवं पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा थाना घोसी क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त, आमजन से किया गया संवाद–**

मऊ, दिनांक 23.06.2026 आगामी त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मऊ श्री आनन्द वर्धन एवं पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा आज मधुबन मोड़ से बडागांव कस्बा तक पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त उपस्थिति ने आमजन में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल स्थापित किया।

पैदल गश्त के दौरान अधिकारियों ने बाजारों, प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों तथा संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत एवं सामाजिक एकता के प्रतीक हैं, जिन्हें सभी नागरिकों को परस्पर सम्मान एवं सहयोग की भावना के साथ मनाना चाहिए।

जिलाधिकारी ने आमजन से संवाद करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा त्योहारों के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं तथा किसी भी प्रकार की समस्या अथवा सूचना को तत्काल प्रशासन के संज्ञान में लाया जाए। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री को प्रसारित न करने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

पैदल गश्त के दौरान अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने स्थानीय लोगों की समस्याएं एवं सुझाव भी सुने तथा उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया।

प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा किए गए इस फ्लैग मार्च एवं पैदल गश्त का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना तथा त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है।